तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 15.0 डिग्री

हरिभूमि

# वनांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 26 नवंबर 2025



12 माकड़ी ब्लॉक में 100 पीएम सूर्य घर सफलता ...





12 बस्तर में भड़की सीआरएमसी आंदोलन ...






## खबर संक्षेप

### पीएचसी आयुष्मान आड़ावाल अस्पताल को दी व्हीलचेयर



**जगदलपुर।** पीएचसी आयुष्मान आड़ावाल अस्पताल में सोमवार को भावपूर्ण क्षण देखने को मिला, जब स्व. दिनेश मिश्रा की स्मृति में उनकी पत्नी अंजली मिश्रा ने अस्पताल के लिए व्हीलचेयर दान की। इस अवसर पर उनकी बेटियां सोनल मिश्रा एवं प्रेरणा मिश्रा भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में भाजपा नेता प्रदीप देवांगन, समाजसेवी हीरामन कुकड़े, आड़ावाल सरपंच श्रीमती जयंती कश्यप, उपसरपंच जेना तथा ग्राम सचिव तूलमनी सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। सभी ने मिश्रा परिवार की इस सेवा भावना और सामाजिक उत्तरदायित्व की सराहना की।

### राजीव भवन में प्रदेश महामंत्री ने ली बैठक



**जगदलपुर।** प्रदेश कांग्रेस महामंत्री मलकीत सिंह गैदू ने राजीव भवन में संगठनात्मक विषयों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक ली। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य, पूर्व विधायक रेखचंद जैन, नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी, महामंत्री जाहिद हुसैन, सुभाष गुलाटी, गौरनाथ नाग, यूंका अध्यक्ष निकेत राज झा, ब्लॉक अध्यक्ष संतोष सेठिया, पार्षद, कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कमिश्नर पहुंचे जांच चौकी धनपूंजीः ड्यूटी से गायब मिले कर्मचारी, जारी होगी नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कमिश्नर बस्तर डोमन सिंह ने मंगलवार को बस्तर जिले के धनपूंजी में अवैध धान के आवक को रोकने स्थापित अंतरराज्यीय जांच चौकी का आकस्मिक निरीक्षण किया और सीमावर्ती ओडिशा राज्य से अवैध धान के आवक एवं परिवहन के नियंत्रण हेतु सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने धान खरीदी केन्द्र नगरनार का जायजा लिया और धान खरीदी के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने कहा। कमिश्नर ने धनपूंजी में स्थापित अंतरराज्यीय जांच चौकी में रोस्टर अनुसार ड्यूटी में लगाए गए कर्मचारियों की ड्यूटी के बारे में जानकारी ली। सजगता के साथ नियमित तौर पर अवैध धान के परिवहन पर निगरानी रखे जाने निर्देशित किया कि मालवाहक वाहनों तथा अन्य वाहनों की भी बारीकी से जांच किया जाए। विशेष रूप से रात्रि में वाहनों की सघन जांच कर अवैध धान के आवक को रोकने के लिए प्रभावी पहल करें। इसके साथ ही अलसुबह ▶▶|शेष पेज 12 पर

**धान खरीदी केन्द्र नगरनार का जायजा लिया और धान खरीदी के लिए व्यवस्था बनाने के दिए निर्देश**

### टोकन की उपलब्धता की ली जानकारी

कमिश्नर ने धान खरीदी केन्द्र नगरनार में किसानों को टोकन की उपलब्धता, धान तौल हेतु इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा, बारदाने की उपलब्धता, पेयजल की व्यवस्था इत्यादि के बारे में पूछा और किसानों को धान खरीदी के लिए सभी सुविधाएं मुहैया करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने किसानों की सहूलियत के लिए उनके विश्राम करने के लिए छायादार स्थल सहित पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने कहा।







## आयोजन : बस्तर में 15 किलोमीटर की एकता मार्च का भव्य समापन

# सरदार पटेल का योगदान अविस्मरणीय : केदार कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारत की एकता और अखंडता के प्रतीक लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में बस्तर जिले में खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित 15 किलोमीटर की एकता मार्च याने यूनिटी मार्च सोमवार को टाउन क्लब में भव्य सभा के साथ संपन्न हुई। विकासखण्ड बकावंड अंतर्गत करीतगांव से शुरू हुई इस पदयात्रा में जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, सामाजिक कार्यकर्ता, युवाओं सहित नेशनल कैडेट कोर, राष्ट्रीय सेवा योजना के कैडेट्स और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उत्साहपूर्वक शामिल हुए, जिन्होंने एकता और भाईचारे का संदेश दिया। समापन समारोह को संबोधित करते हुए वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि आधुनिक भारत के निर्माण में सरदार वल्लभ भाई पटेल का योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने अपनी कुशलता और दूरदर्शिता से देश की रियासतों को एक सूत्र में पिरोया और भारत राज्य संघ में उनका सफलतापूर्वक विलीनीकरण किया। मंत्री ने कहा राष्ट्र सरदार पटेल के महान योगदान के प्रति कृतज्ञ और नतमस्तक है। उनकी 150वीं जयंती पर यह यूनिटी मार्च हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने और देश की एकता को मजबूत करने की प्रेरणा देती है। विशेषकर युवा पीढ़ी को उनके विचारों एवं आदर्शों को आत्मसात करना आवश्यक है। अपर कलेक्टर और खेल एवं युवा कल्याण विभाग के प्रभारी ऋषिकेश तिवारी ने बताया कि करीतगांव से प्रारंभ हुई यह पदयात्रा मालगांव पहुंचकर मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान और पौधरोपण कार्यक्रम करने के बाद आगे बढ़ी। दंतेश्वरी मंदिर के समीप रूद्रप्रताद देव टाउन क्लब प्रांगण में सभा के रूप में संपन्न हुई। कार्यक्रम में अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष रूपसिंह मंडावी, पूर्व विधायक डॉ. सुभाऊ कश्यप और अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में निगम सभापति खेमसिंह देवांगन ने एकता यात्रा में सभी की सक्रिय सहभागिता हेतु आभार प्रकट किया।



### 2047 तक विकसित भारत बनाने का लिया संकल्प

सांसद महेश कश्यप ने देश के प्रथम उप-प्रधानमंत्री के रूप में सरदार पटेल के ऐतिहासिक कार्यों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने 562 रियासतों को मिलाकर अखंड भारत का सूत्रपात कर इसे लक्ष्य तक पहुंचाया और समूचे देश को एकता के धागे में पिरोया। सांसद ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में आयोजित इस मार्च को पटेल के विचार जन-जन तक पहुंचाने की पहल बताया। इस अवसर पर सभी ने आत्मनिर्भर भारत की दिशा में आगे बढ़ने और वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया।

# तिमेड़ चेक पोस्ट पर 333 क्विंटल अवैध धान जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

समर्थन जिले में मूल्य पर धान खरीदी सुचारू रूप से जारी है। कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशानुसार खरीदी व्यवस्था को व्यवस्थित रखने तथा अंतरराज्यीय सीमा क्षेत्रों में अवैध परिवहन पर रोक लगाने के लिए सख्त निगरानी की जा रही है।

इसी क्रम में तिमेड़ चेक पोस्ट पर बड़ी कार्रवाई की गई। सीमावर्ती राज्य महाराष्ट्र व तेलंगाना की ओर से छत्तीसगढ़ में प्रवेश कर रहे एक ट्रक को चेकिंग के दौरान रोका गया। ट्रक क्रमांक टीजी 07 डब्लू 2268 से 556 बोरी धान, कुल अनुमानित 333 क्विंटल बरामद किया गया। वाहन चालक वी. राजू ने बताया कि धान नुज़ीविडू सीड्स लिमिटेड, मंचेरियाल तेलंगाना से बरगढ़, ओडिशा प्रोसेसिंग के लिए भेजा जा रहा था लेकिन मौके पर वह किसी भी प्रकार का डिलीवरी ऑर्डर या वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। दस्तावेज़ों के अभाव में एसडीएम यशवंत नाग के निर्देश पर तहसीलदार लक्ष्मण राठिया और मंडी उपनिरीक्षक देवराज ठाकुर द्वारा धान एवं वाहन को जप्त कर थाना प्रभारी भोपालपटनम जीवन जांगड़े को सुपुर्द किया गया। पुलिस द्वारा आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। यह कार्रवाई तिमेड़ चेक पोस्ट पर तैनात राजस्व, पुलिस एवं वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की गई। प्रशासन ने बताया कि सीमा क्षेत्रों पर सतत निगरानी जारी रहेगी और अवैध धान परिवहन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# बीमा कंपनी देगी वाहन मरम्मत की राशि 1.5 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- जिला उपभोक्ता आयोग की संयुक्त खंडपीठ ने जारी किया आदेश
- मानसिक पीड़ा के लिए देने होंगे 10 हजार





जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा मंगलवार को एक प्रकरण में चोलामंडलम एमएस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड द्वारा आवेदक को क्षतिग्रस्त वाहन की मरम्मत की राशि 1.5 लाख रूपए, मा न सि क पीड़ा हेतु 10 हजार रूपए अदा करेगा। उक्त आदेश आयोग की अ ध्य क्ष सु जा ता ज स वा ल , सदस्य आलोक कुमार दुबे की संयुक्त खंडपीठ द्वारा जारी किया गया।

न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोंडागांव निवासी भानु राम मारकंडेय द्वारा अपनी बोलेरो वाहन का बीमा चोलामंडलम एमएस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के माध्यम से करवाया गया था। आवेदक की वाहन बीमा अवधि के दौरान एक सड़क दुर्घटना में क्षतिग्रस्त हो गई थी। दुर्घटना के संबंध में बीमा कंपनी द्वारा सर्वेयर के माध्यम से सर्वे करवा कर अन्वेषक की रिपोर्ट प्राप्त की गई थी। आवेदक द्वारा आवश्यक दस्तावेजों के साथ बीमा कंपनी के समक्ष दावा प्रस्तुत किए जाने पर बीमा कंपनी द्वारा क्षमता से अधिक सवारी बैठाए जाने का कारण बताते हुए दावा निरस्त कर दिया था। इसे क्षुब्ध होकर आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई थी। इस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने माना है कि बीमा कंपनियां अत्यधिक तकनीकी आधारों पर दावे निराकृत करती हैं, जबकि दावों का निपटारा करते समय बीमा कंपनी को ▶▶|शेष पेज 12 पर

# अवैध शिकार, तस्करी व वनों की कटाई रोकने बढ़ाई गश्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- ठंड में भी सर्चिंग में जुटे वन विभाग के मैदानी अधिकारी व कर्मी
- अधिकारी व कर्मचारी बिना थके जंगल में गश्त और खोजबीन कर रहे

ठंड बढ़ने के साथ ही वन क्षेत्रों में वन्यजीवों और प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा के लिए गश्त बढ़ा दी गई है। वन विभाग के मैदानी अधिकारी, कर्मचारी अवैध शिकार और पेड़ों की कटान रोकने के लिए मुस्तैद हो गए हैं। सर्दियों में तापमान गिरने पर जंगली जानवर भोजन और पानी की तलाश में बाहर निकलते हैं, जिससे वे शिकारियों का आ सा न निशाना बन सकते हैं। इसी कारण अवैध शिकार, तस्करी और वनों की कटाई जैसी गतिविधियों को रोकने के लिए गश्त बढ़ाई गई है। वन विभाग ने इन क्षेत्रों में अलग-अलग टीमें गठित की हैं। दिन और रात दोनों समय कड़ी निगरानी और गश्त में वृद्धि की गई है। साथ ही ग्रामीणों को वनों के संरक्षण के ▶▶|शेष पेज 12 पर



### काष्ठ व वन्यजीवों की तस्करी रोकें

वन विभाग चित्रकोट के एसडीओ योगेश रात्रे ने क्षेत्र के रेंजर को निर्देश दिया कि मैदानी कर्मचारियों को जंगल में सर्चिंग करें, जिससे जंगल एवं वन्य जीवों को बचा सकें। जिससे काष्ठ और वन्यजीवों की तस्करी पर रोक लग सके।

### सर्चिंग में लापरवाही न करें

वन विभाग के मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता ने जंगल एवं वन्यजीवों को बचाने के लिए जंगल में सर्चिंग करें। वे स्वयं भी सर्चिंग का अचानक निरीक्षण पहुंच रहे हैं, इसके लापरवाही करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन

# डिजिटाइजेशन के नायकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

चुनावी प्रक्रिया में सटीकता और पारदर्शिता को बढ़ावा देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर हरिस एस ने सोमवार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दो बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) को सम्मानित किया। यह सम्मान मतदाताओं के शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन के असाधारण लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्रदान किया गया है।

कलेक्टर द्वारा सराहे गए अधिकारियों में जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के बीजापुट मतदान केंद्र के बीएलओ एमके राणा शामिल हैं, जिन्होंने अपने केंद्र के 646 मतदाताओं का शत प्रतिशत डिजिटाइजेशन सफलतापूर्वक पूरा किया है। वहीं चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के बड़े किलेपाल-1 मतदान केंद्र के बीएलओ बोमड़ा राम मंडावी को भी उनके प्रशंसनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने केंद्र के 782 मतदाताओं का शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन सुनिश्चित किया है।



कलेक्टर ने दोनों अधिकारियों के समर्पण की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका यह कार्य न केवल मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाएगा, बल्कि अन्य अधिकारियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगा। अपने अनुभव साझा करते हुए, सम्मानित बूथ स्तरीय अधिकारियों ने बताया कि इस जटिल कार्य में सबसे बड़ी चुनौती शादी के उपरांत उनके क्षेत्र में नए पते पर निवासरत महिला मतदाताओं का सत्यापन करना था। पुरानी जानकारी के अभाव में यह कार्य कठिन था, किंतु धैर्यपूर्ण और मिलनसार व्यवहार से यह कार्य आसान हो गया। उन्होंने बताया कि महिला मतदाताओं के पूर्व में निवासरत पते के आधार पर सारी जानकारी ऑनलाइन निकालकर इस सत्यापन कार्य को तीव्रता से और सटीकता के साथ पूरा किया गया। बूथ स्तरीय अधिकारियों के विनम्र व्यवहार के कारण ही ग्रामीणों का भी इस महत्वपूर्ण कार्य में भरपूर और सक्रिय सहयोग प्राप्त हुआ। इस प्रकार, समर्पण, तकनीक और बेहतर नागरिक संवाद के समन्वय से इन अधिकारियों ने मतदाता सूची पुनरीक्षण के एक महत्वपूर्ण चरण को सफलतापूर्वक पूर्ण किया।


हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

# सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 75. तारकेश्वर प्रजापति पिता\पति सुकलाल प्रजापति पता- राम विहार आरंग, 76. विजय साहू पिता\पति अश्वनी साहू पता - कबीर नगर एकता चौक रायपुर, 77. ओम प्रकाश साहू पिता\पति घासी राम साहू पता- धनेली रावाभाठा धरसीवा रायपुर, 78. चंचल ध्रुव पिता\पति किशोर ध्रुव पता- सुदामा नगर रायपुर, 79. अर्जुन तांडी पिता\पति त्रिनाथ तांडी पता- BSUP कॉलोनी ब्लॉक न. C रायपुर, 80. सुनीता जायसवाल पिता\पति छोटेलाल जायसवाल पता- बढाई पारा रायपुर, 81. जानवी गोयल पिता\पति कमल किशोर पता- डूमर तालाब रायपुर, 82. राकेश पंचवारे पिता\पति हनेश पंचवारे पता- भनपुरी बिरगांव रायपुर, 83. ट्विंकल धनकर पिता\पति तरुण धनकर पता - रामेश्वर मंदिर न्यूज़ शांति नगर, 84. वीणा साहू पिता\पति संतोष साहू पता- दुर्गा नगर बिरगांव, 85. तुषार साहू पिता\पति रामनाथ साहू पता- बकली, 86. लिना देशमुख पिता\पति केशव देशमुख पता- पीपरछेड़ी धमतरी, 87. ममता कुम्भकार पिता\पति चंदूलाल कुम्भकार पता- ब्राम्हण पारा वार्ड कुम्हार पारा धमतरी, 88. ईश्वरलाल साहू पिता\पति गुलाबराम साहू पता- पुलिस लाइन रुद्री धमतरी, 89. हिमांशु साहू पिता\पति भूषण लाल साहू पता- राजनांदगांव, 90. मूलचंद साहू पिता\पति भुनेश्वर साहू पता-कोटराभांठा, 91. निरंजन साहू पिता\पति भिखारी राम साहू पता- राजनांदगांव म. न. 8 18 एकड़ पुलिस लाइन, 92. उमा केशरवानी पिता\पति सूरज केशरवानी पता- बाज़ारपारा बेमेतरा वार्ड न.18, 93. रूपराम बनपेला पिता\पति स्व. महेत्तर राम बनपेला पता- म.न. 215 अन्नापूर्णा पारा पुराना आरामिल के पास कांकेर, 94. टोडरमल साहू पिता\पति मिलन राम साहू पता- पेवरो गुरुर, 95. ललित सोनी पिता\पति स्व. रामलाल सोनी पता- जगदलपुर, 96. धनंजय देवांगन पिता\पति बृजराम देवांगन पता- बागबहरा वार्ड न.13, 97. नरेश कुमार केशरवनी पिता\पति स्व. फागुराम केशरवानी पता- नगर पंचायत पांडातराई, 98. डिकेश्वर वर्मा पिता\पति तिरिशराम वर्मा पता - सिविल लाइन बलौदाबाजार, 99. पी. गंगा रेड्डी पिता\पति मनिंदर पाल आनंद पता - डी. एन. के. कोंडागांव, 100. लोकेश कुमार देशमुख पिता\पति में कुमार देशमुख पता - तिरंगा वार्ड- 7 दुर्ग, 101. ओमप्रकाश देशमुख पिता\पति डोमन लाल देशमुख पता- अंजोर भिलाई, 102. यशवंत यादव पिता\पति अरुण यादव पता- बघेरा वार्ड न. 56 दुर्ग, 103. रेशनी साहू पिता\पति हिरमन लाल साहू पता- पोलसाय पारा दुर्ग, 104. विजय कुमार रामटेके पिता\पति स्व. डेहराराम रामटेके पता- शिवनगर बाँधा तालाब दुर्ग, 105. हेमा चंद्राकर पिता\पति पुराणिक चंद्राकर पता - दीपक नगर दुर्ग, 106. मंजीत कौर भाटिया पिता\पति स्व. इवेल सिंह भाटिया पता- संतरा बाड़ी दुर्ग, 107. दुलसिया बाई पिता\पति स्व. बिसहुवा साहू पता- पदुम नगर चरोदा भिलाई-3, 108. अंशिका गुप्ता पिता\पति श्याम जी गुप्ता पता- कैंप -1 भिलाई, 109. स्वाति साहू पिता\पति पूरण चंद साहू पता-भिलाई, **बिलासपुर संस्करण**- 110. प्रवीण यादव पिता/पति- धनेश यादव, पता शांति नगर हाफा रोड सकरी, बिलासपुर 111. मुस्कान यादव, पिता/पति- कृष्ण कुमार यादव, पता - उसलापुर साईं आनंदम के पास, बिलासपुर 112. रश्मि सेन पिता/पति- स्व. कमल सेन, बिलासपुर पता - होटल अजित के सामने तेली पारा, बिलासपुर 113. आर्यांश जायसवाल, पिता/पति- शैलेन्द्र जायसवाल, पता- नंदू गैरेज के पीछे तेलीपारा बिलासपुर, 114. शैलेंद्र कुमार सोनवानी, पिता/पति- सरजू प्रसाद सोनवानी, पता - छोटी कोनी बिलासपुर, 115. चुम्मन चंद्राकर पिता/पति- गिरधर चंद्राकर, पता - विकाश नगर शांति नगर, बिलासपुर 116. चितगोविंद प्रसाद कौशिक, पिता/पति- स्व. अजीतराम कौशिक, पता- यातायात नगर परसदा, जिला बिलासपुर, 117. मनीष पटेल पिता - रामप्रसाद पटेल, पिता/पति- वार्ड न. 43 पटेल मोहल्ला, बिलासपुर 118. दिलप्रीत सिंह छाबड़ा पिता/पति- जी.एस. छाबड़ा, पता - मित्र बिहार लिंक रोड बिलासपुर, 119. प्रतिमा कश्यप, पिता- रामकिशुन कश्यप, पिता/पति- कुदुदण्ड मिलन चौक बिलासपुर, 120. हरप्रीत सिंह खनुजा, पिता/पति- थान सिंह खनूजा, पता- दयालबंद टिकरापारा बिलासपुर, 121. श्यामसुंदर कुशवाहा पिता/पति- स्व. चंद्रशेखर प्रसाद, पता- मंगला बिलासपुर, 122. सुचिता सिंह पिता/पति- एम.एल. ऊके, पता- भारतीय नगर बिलासपुर, 123. नुमान बाघड़े, पिता/पति- नितिन बाघड़े पता - जरहाभाठा बिलासपुर, 124. राधा सिंह ठाकुर बाघड़े पिता/पति- अजय सिंह ठाकुर पता- सिटी कोतवाली बिलासपुर, 125. श्रेया विश्वकर्मा पिता/पति- बी.पी. विश्वकर्मा पता- तेलीपारा बिलासपुर, 126 मौजी निर्मलकर पिता/पति- सुखदेव निर्मलकर, पता- जुना बिलासपुर, 127. सुन्दर लाल मार्को पिता/पति- स्व. होरीलाल मार्को, पिता/पति- बिनौरी काठाकोनी, जिला बिलासपुर 128. अल्का साहू पिता/पति- राजेन्द्र कुमार साहू, पता- मंगला बिलासपुर, 129. वैभव यादव पिता/पति- विरेन्द्र कुमार यादव, पता नया तालाब के पास सड़क के पास मोपका, जिला बिलासपुर 130. आर्यन गुप्ता पिता/पति- विष्णुकांत गुप्ता पता- कपिल नगर सरकंडा, बिलासपुर 131. पवन विश्वकर्मा पिता/पति- बी.पी. विश्वकर्मा, पता तेलीपारा बिलासपुर, 132. राम किशोर ठाकुर पिता/पति- स्व. तुलसीराम ठाकुर पता - सरकंडा बिलासपुर, **भोपाल संस्करण**- 133. नित्या बलदार पिता\पति -विमल बलदार पता- 727 बागसेवनिया, 134. फातिमा पिता\पति मो. शाहिद पता- 87 नारियल खेड़ा भोपाल, 135. आलिया पिता\पति इमरान 26 पता- जनता नगर करोद, 136. अर्पिता यादव पिता\पति श्रीकांत यादव पता- फ्लैट 8 ड्रीमलैंड अपार्टमेंट ईदगाह हिल्स भोपाल, 137. मयंक उपाध्याय पिता\पति शिवप्रसाद उपाध्याय पता- जीरापुर, 138. लक्ष्मी शर्मा पिता\पति सतीश शर्मा (मावावाला) पता -आवास कॉलोनी जीरापुर, 139. प्रीति राठौर पिता\पति राजेश राठौर पता- आवास कॉलोनी जीरापुर, 140. सुरेन्द्र सिंह पिता\पति जीरापुर, **जबलपुर संस्करण**- 141. अदिति मेहरा पिता\पति कृष्ण कुमार मेहरा पता- कांटी धमनी पाटन, 142. अर्पिता श्रीवास्तव पिता\पति ए.के श्रीवास्तव पता- कांचघर, 143. शशांक सिंह पिता\पति अमर सिंह पता- रिछाई जबलपुर, 144. सुभद्रा पिता\पति अजय पता- जबलपुर आधारताल, 145. शिवा निषाद पिता\पति राम खिलावन निषाद पता- गांधीगंज कटनी, 146. नारायण प्रसाद अग्रहरी पिता\पति द्वारका प्रसाद अग्रहरी पता- राजीव गांधी वार्ड वार्ड नंबर 13 रबर फैक्ट्री साइन मंदिर के पास कटनी मुड़वारा, 147. शशि कोस्टा पिता\पति- स्व. कंदीलाल कोस्टा पता-जगमोहन दास वार्ड नई बस्ती कटनी, 148. मानसी पिता\पति- विजय बाबा नारायण शाह पता- गुरुद्वारा के पास मुरवारा कटनी

नियम एवं शर्ते लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### सीएम तीर्थ दर्शन योजना के तहत 260 श्रद्धालु होंगे रवाना

**कोण्डागांव।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत जिले के वरिष्ठ नागरिकों, विधवा एवं परित्यक्त महिलाओं के लिए विशेष तीर्थ यात्र का लाभ दिलाया जाएगा। यह यात्र 27 नवम्बर 2025 से 2 दिसम्बर तक निर्धारित की गई है। इसी क्रम में बुधवार को 11 अनुरक्षक सहित 260 तीर्थ यात्रियों को रवाना किया जाएगा। सामाज कल्याण उप संचालक द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले के लिए निर्धारित 260 यात्रियों को इस तीर्थ यात्र में सम्मिलित किया जाएगा। योजना अंतर्गत यात्रियों को कामाख्या देवी मंदिर, नवग्रह मंदिर, वशिष्ठ मुनि आश्रम, उमानंद मंदिर, शिवजी का मंदिर, शंकर देव कला क्षेत्र गुवाहाटी के प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन कराए जाएंगे।

### इरागांव के सहायक शिक्षक व बीएलओ का निधन, एसडीएम ने कहा- कोई दबाव नहीं

**कोण्डागांव।** केशकाल अनुविभाग के ग्राम इरागांव में बीएलओ के रूप में कार्यरत सहायक शिक्षक का आकस्मिक निधन हो गया। वे एसआईआर कार्य पूरी निष्ठा से कर रहे थे। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व केशकाल ने स्पष्ट किया कि दिवंगत बीएलओ को कार्यालय से कोई नोटिस जारी नहीं किया गया था और न ही उन्होंने कार्य में कोई कठिनाई या असमर्थता जताई थी। वे बिना किसी दबाव के नियमित रूप से कार्य कर रहे थे। एसआईआर कार्य को सुगम बनाने के लिए क्लस्टर बनाए गए हैं तथा प्रत्येक बीएलओ को सुपरवाइजर और ऑपरेटर का सहयोग दिया जा रहा है, ताकि एक–दूसरे की मदद से कार्य समय पर पूरा हो सके। केशकाल विधानसभा क्षेत्र के दो बीएलओ ने लगभग 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूरा कर लिया है। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा दोनों को सम्मानित किया जा रहा है। एसडीएम ने सभी बीएलओ एवं कर्मचारियों से अपील की है।

# माकड़ी ब्लॉक में 100 पीएम सूर्य घर इंस्टॉल, कोण्डागांव बन रहा सौर ऊर्जा का नया हब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

अलग खबर

माकड़ी ब्लॉक ने पूरे बस्तर संभाग में नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। ड्रिरिब्यूशन सेंटर माकड़ी ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत 100 घरों में रूफटॉप सोलर सिस्टम को सफलतापूर्वक ग्रिड से सिंक्रोनाइज कर लिया है।

प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत कोण्डागांव जिले में अब तक कुल 284 घरों में सोलर पैनल लगाए जा चुके हैं। इनमें अकेले माकड़ी ब्लॉक के ग्राम माकड़ी में ही 50 से अधिक इंस्टॉलेशन पूरे हो चुके हैं। योजना के तहत केंद्र सरकार की भारी सब्सिडी के साथ छत्तीसगढ़ सरकार अतिरिक्त आर्थिक सहायता दे रही है। पूरी सब्सिडी डीबीटी के माध्यम से सीधे उपभोक्ता के खाते में जमा हो रही है, जिससे प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और विश्वसनीय बनी हुई है।

## बस्तर संभाग में पहला ब्लॉक जहां 100 घरों में रूफटॉप सोलर ग्रिड से जुड़े

### बिजली बिल लगभग शून्य, अतिरिक्त बिजली बेचकर कर रहे कमाई

सोलर सिस्टम लगने के बाद ग्रामीण परिवारों का मासिक बिजली बिल न के बराबर रह गया है। ग्रिड–कनेक्टेड होने से दिन–रात स्थिर बिजली मिल रही है और अतिरिक्त उत्पादित बिजली बेचकर परिवार अतिरिक्त आय भी कमा रहे हैं। सौर ऊर्जा अपनाने से जहां एक ओर कार्बन उत्सर्जन में कमी आई है, वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों को निर्बाध एवं मुफ्त बिजली मिलने से जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।



### मोदी के आत्मनिर्भर भारत और साय के नेतृत्व का मिला संयुक्त परिणाम

यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊर्जा आत्मनिर्भर भारत विजन और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में चल रही राज्य सरकार की सक्रिय पहल का जीता–जागता प्रमाण है। जिला प्रशासन, बिजली विभाग और ग्रामीणों के सामूहिक प्रयास से माकड़ी ब्लॉक सौर ऊर्जा का चमकता सितारा बन गया है।

## मांग : पूरे संभाग में गूंजी नारायणपुर से उठी आवाज़

# बस्तर में भड़की सीआरएमसी आंदोलन की चिंगारी, 11 माह से भत्ता लंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

1 दिसम्बर से बस्तर संभाग इतिहास के सबसे बड़े स्वास्थ्य आंदोलन नारायणपुर, जिले के सहित बस्तर संभाग में 11 महीने से लंबित सीआरएमसी (नक्सल क्षेत्र प्रोत्साहन राशि) के भुगतान को लेकर स्वास्थ्यकर्मियों का गुस्सा अब उबाल पर है। नारायणपुर में शुरू हुआ विरोध आज पूरे बस्तर के छह जिलों— नारायणपुर, कोंडागांव, बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा और बस्तर (जगदलपुर) में फैल गया।

डॉक्टरों, नर्सों, एएमएम और आरएमए ने आज ब्लैक रिबन पहनकर प्रतीकात्मक विरोध कर सरकार को कड़ा संदेश दिया।

लाखों रुपये की राशि अटकी है। डॉक्टरों पर दो से तीन लाख, नर्सों पर तीस–चालीस हजार स्वास्थ्यकर्मी लगातार नक्सल प्रभावित, कठिन एवं जानलेवा परिस्थितियों में काम कर रहे हैं, इसके बावजूदःबस्तर संभाग में कुल बकाया राशि कई करोड़ रुपये स्वास्थ्यकर्मियों ने कहा कि यह देरी सीधा मनोबल तोड़ने वाला कदम है।



### नारायणपुर के आंदोलन ने संभाग को जगाया

इस मसले पर कई बार हाई-लेवल चर्चाएँ की गईं, जिनमें कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, राज्य स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया, डीएचएस कमिश्नर एवं एमडी-एनएचएम डॉ. प्रियंका जे. शुक्ला शामिल थे। नारायणपुर के डॉक्टरों ने पहले बैठक में केदार कश्यप से मुलाकात कर सीआरएमसी लंबित भुगतान की स्थिति बताई थी। तत्पश्चात कश्यप ने स्वास्थ्य मंत्री व स्वास्थ्य सचिव से फोन पर चर्चा कर समाधान का आश्वासन दिया था। लेकिन आज तक कोई निर्णयात्मक कार्रवाई नहीं हुई और यही कारण रहा कि नारायणपुर का विरोध अब पूरे बस्तर संभाग का आंदोलन बन चुका है।

### प्रतीकात्मक विरोध, लेकिन संदेश बेहद कठोर - "अब कार्रवाई चाहिए आश्वासन नहीं"

आज सभी जिलों के अस्पतालों में डॉक्टरों, नर्सों और स्वास्थ्यकर्मियों ने काले रिबन के साथ ड्यूटी की, ओपीडी व इमरजेंसी सेवाएँ सामान्य रहीं। परंतु उनका संदेश सीधा था हम जनता के खिलाफ नहीं, बल्कि लापरवाह व्यवस्था के खिलाफ हैं। इतने जोखिम वाले क्षेत्र में काम करने वालों को 11 महीने तक प्रोत्साहन राशि न देना अन्याय है।

### ओपीडी बहिष्कार की उल्टी गिनती-1 दिसम्बर से बस्तर में स्वास्थ्य सेवाएँ प्रभावित होने की संभावना

नारायणपुर पहले ही घोषणा कर चुका है, 30 नवंबर तक भुगतान नहीं हुआ तो 1 दिसम्बर 2025 से संभाग-स्तरीय ओपीडी बंद रहेंगे। आज के संयुक्त विरोध को देखकर अब यह लगभग तय माना जा रहा है कि पूरा बस्तर इस आंदोलन में एक साथ खड़ा है। सरकार भुगतान करेगी या बस्तर का सबसे बड़ा आंदोलन शुरू होगा? नारायणपुर की पहल से शुरू हुआ यह आंदोलन अब पूरे बस्तर में फैल चुका है। लाखों रुपये की लंबित राशि और 11 महीनों की प्रतीक्षा ने डॉक्टरों व स्वास्थ्यकर्मियों को अब निर्णायक कदम उठाने पर मजबूर कर दिया है।

# डीएवी स्कूल में बड़ी लापरवाही, बिना सूचना छुट्टी, स्कूल में मिला ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

- बिना पूर्व सूचना छुट्टी का आरोप, अभिभावकों में नाराज़गी
- कलेक्टर ने डीईओ को जांच के आदेश दिए, स्कूल की लापरवाही पर उठे सवाल

जिले के डीएवी पब्लिक स्कूल में मंगलवार को बड़ी लापरवाही सामने आई, जब बच्चों के अभिभावक सुबह स्कूल पहुंचे तो मुख्य भवन पर ताला जड़ा हुआ मिला। पालकों ने आरोप लगाया कि स्कूल ने बिना किसी पूर्व सूचना के अचानक छुट्टी घोषित कर दी, जिससे बच्चों को लौटना पड़ा।

स्कूल प्रशासन का पक्ष है कि प्रत्येक माह की अंतिम तिथि को शिक्षक फाइलिंग कार्य के लिए एक दिवसीय अवकाश होता है, लेकिन इस बार 30 तारीख की निर्धारित छुट्टी को आगे बढ़ाकर 25 तारीख कर दिया गया था। प्रशासन ने यह भी दावा किया कि शिक्षकों के प्रशिक्षण पर बाहर रहने और स्टाफ की कमी के कारण यह कदम उठाया गया था, जिसकी सूचना अभिभावकों को भेजी गई थी।

लेकिन सूत्रों के अनुसार मामला इससे भी आगे का है। बताया जा रहा है कि 24 तारीख को स्कूल के आधे से ज्यादा शिक्षक प्राचार्य की पुत्री के विवाह समारोह में शामिल होने गए थे, जो शादी शमारोह में गए में शिक्षक सोशल मीडिया में फोटो वीडियो में चल रहा है जिसके चलते अगले दिन स्कूल समय पर नहीं खुल पाया। यही वजह रही कि सुबह स्कूल में ताला लगा मिला, जबकि लगभग 11 बजे शिक्षक स्कूल पहुंचे, लेकिन तब तक बच्चे अनुपस्थित थे।



### शासकीय नियमों का पूर्ण पालन नहीं: डीईओ

जिला शिक्षा अधिकारी ने माना कि स्कूल ने मौखिक सूचना जरूर दी, लेकिन शासकीय नियमों का पूर्ण पालन नहीं किया गया, इसलिए यह मामला गंभीर लापरवाही की श्रेणी में आता है। पूरा घटनाक्रम सामने आने के बाद कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगई ने जिला शिक्षा अधिकारी को तत्काल जांच के निर्देश जारी किए हैं। लगातार सामने आ रहे तथ्यों ने निजी स्कूलों की कार्यप्रणाली, प्रशासनिक जवाबदेही और शिक्षा विभाग की निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# बिहान से जुड़कर गनेशी बनीं लखपति दीदी पशुपालन से सालाना 3.56 लाख की कमाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- बस्तरबुड़ा की गनेशी मरकाम ने रचा नया कीर्तिमान

बड़ेराजपुर विकासखंड के ग्राम बस्तरबुड़रा की श्रीमती गनेशी मरकाम ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान की मदद से पशुपालन को अपना हथियार बनाया और महज कुछ वर्षों में लखपति दीदी बन गईं।

समूह से जुड़ने से पहले मजदूरी और सीमित बकरी पालन से परिवार की सालाना आय सिर्फ 66 हजार रुपये थी। बिहान के सहयोग से आज उनकी वार्षिक आय 3 लाख 56 हजार रुपये से अधिक हो चुकी है यानी पहले से चार गुना से भी ज्यादा। गायत्री महिला स्व–सहायता समूह की सक्रिय सदस्य गनेशी ने मात्र दो बकरियों से शुरुआत की थी। आज उनके बाड़े में 200 से अधिक बकरियां और 10 सूअर हैं। मेहनत और उचित देखभाल से उनका पशुधन तेजी से बढ़ा। समूह के माध्यम से उन्हें 15 हजार रुपये आरएफ, 60 हजार रुपये सीआईएफ तथा आसान ऋण मिला। इसी पूंजी से उन्होंने बकरी पालन व सूकर पालन को व्यवस्थित रूप दिया।



### अब एक व्यक्ति को दे रही हैं स्थायी रोजगार

पशुओं की देखभाल के लिए गनेशी ने एक व्यक्ति को नौकरी पर रखा है। इस तरह वे न केवल खुद आत्मनिर्भर बनीं, बल्कि दूसरों के लिए भी रोजगार सृजन कर रही हैं। आज गनेशी मरकाम का परिवार आर्थिक रूप से मजबूत होने के साथ–साथ सामाजिक स्तर पर भी सम्मानजनक स्थिति में है। बिहान की टीम लगातार ऐसे महिला समूहों को प्रशिक्षण, पूंजी और मार्गदर्शन देकर आत्मनिर्भर बना रही है। गनेशी मरकाम की सफलता जिले की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बन गई है। वे साबित कर रही हैं कि सही दिशा और मेहनत से ग्रामीण महिलाएं भी बड़े सपने साकार कर सकती हैं।

# राज्य स्तरीय बैडमिंटन स्पर्धा में कोण्डागांव के दो विद्यार्थी चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कोण्डागांव की एम.कॉम छात्र हर्षिता टावरी और बी.कॉम छात्र धनंजय यादव का चयन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रशिक्षण शिविर एवं प्रतियोगिता के लिए किया गया है। दोनों विद्यार्थी उत्तर बस्तर सेक्टर का प्रतिनिधित्व करेंगे। इन दोनों विद्यार्थियों का चयन शासकीय आदर्श आवासीय महिला महाविद्यालय, कोण्डागांव में आयोजित सेक्टर स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर हुआ। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 28 से 29 नवम्बर तक शासकीय आदर्श आवासीय महिला महाविद्यालय, कोण्डागांव के ऑडिटोरियम में होगा। प्रतियोगिता में कुल 11 सेक्टरों की टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता पूर्व खिलाड़ियों के लिए 25 से 27 नवम्बर तक विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है।



### *मार्गदर्शन में निरंतर अभ्यास का फल*

*महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी एचआर यदु ने बताया कि प्राचार्या डॉ. सरला आत्रम के मार्गदर्शन में जुलाई से ही विभिन्न खेलों का नियमित अभ्यास कराया जा रहा है। इसी निरंतर तैयारी का परिणाम है कि विद्यार्थी राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं।*

### *महाविद्यालय परिवार की शुभकामनाएं*

*हर्षिता टावरी और धनंजय यादव की उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने शुभकामनाएँ दीं। सभी ने आशा जताई कि दोनों विद्यार्थी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी शानदार प्रदर्शन कर महाविद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।*

# दो नए स्कूल भवनों का भूमिपूजन गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में बड़ा कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

- 70 लाख व 1.21 करोड़ की लागत से हाईस्कूल व हायर सेकेंडरी भवनों का निर्माण शुरू

ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत पाण्डेआठगांव और ग्राम पंचायत भंडारसिवनी में मंगलवार को केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने नवीन हाई स्कूल/हायर सेकंडरी का स्कूल भवन हेतु भूमिपूजन किया। जिसमें सबसे पहले ग्राम पाण्डेआठगांव में 70 लाख 23 हजार रुपये की स्वीकृत राशि से बनने वाले नवीन हाईस्कूल भवन हेतु भूमिपूजन किए, जिसके बाद ग्राम पंचायत भंडारसिवनी में 1 करोड़ 21 लाख 16 हजार रुपये की स्वीकृत राशि से बनने वाले हायर सेकेंडरी स्कूल भवन का भूमिपूजन किया है।

इस दौरान विधायक टेकाम ने कहा कि ग्रामीण बच्चों को अब बेहतर शिक्षा उनके ही गांव में उपलब्ध होगी। शिक्षा ही विकास का आधार है और हमारा लक्ष्य है कि विधानसभा के हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले।" उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि पहले यहां के विद्यार्थियों को हाईस्कूल शिक्षा के लिए दूरी तय कर बोरगांव जाना पड़ता था, लेकिन अब इस भवन के बन जाने से बच्चों को अत्यंत सुविधा होगी और समय की बचत भी होगी। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रवीण सिंह बदेशा, जपं अध्यक्ष मानकुराम नेताम, नपं अध्यक्ष प्रशांत पात्र, भाजपा मण्डल अध्यक्ष धनराज पांडे, महामंत्री प्रवीण राव, उपाध्यक्ष प्रवीण पांडे, ग्राम पंचायत पांडेआठगांव सरपंच श्रीमती ममता मरकाम, उपसरपंच छतेरनसिंह मरकाम, भंडार सिवनी सरपंच श्रीमती दसमती मरकाम, उप सरपंच रमेश दीवान, शैल सेठिया, गणेश जायसवाल, तुलसी राम साहू, सूकलाल मरकाम, मंजूलता मरकाम, विनोद पांडे, सोमादास , कामेश्वर साहू, सुजीत सक्सेना, योगेश पांडे, सहित बढ़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।



# जिले में 73 हजार क्विंटल से अधिक धान की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 में जिले के समर्थन मूल्य उपार्जन केंद्रों पर धान खरीदी सुचारु रूप से जारी है। अब तक कुल 73 हजार 55 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है। बहीगांव 5,520.80 क्विंटल, गम्हरी 4,853.60 क्विंटल, मुलमुला 3,747.60 क्विंटल अरण्डी 3,426.40 क्विंटल, अड़ेंगा 3,018.40 क्विंटल धान खरीदा गया है।

किसान अपने मोबाइल ऐप के माध्यम से आसानी से टोकन जारी करा सकते हैं। सभी केंद्रों पर इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा, आर्द्रतामापी यंत्र और पूरी पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। 2 एकड़ तक अधिकतम 1 टोकन, 2 से 10 एकड़ अधिकतम 2 टोकन, 10 एकड़ से अधिक अधिकतम 3 टोकन। खाद्य अधिकारी नवीन श्रीवास्तव ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप जिले के सभी उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी पूरी पारदर्शिता और सुगमता से की जा रही है। सभी आवश्यक सुविधाएं मौजूद हैं और किसानों को कोई परेशानी नहीं हो, इसका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। जिले के पंजीकृत किसानों से अपील है कि वे निर्धारित समय में अपना टोकन लेकर उपार्जन केंद्र में धान बेचकर लाभ उठाएं।



# जर्जर शाला भवन, जाति व न्यायालयीन के साथ अन्य जानकारी ली, परीक्षाओं की तैयारी भी जानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

- जिपं सीईओ ने ली प्राचार्यों की बैठक

जिला कार्यालय के सभागार में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई की अध्यक्षता में सोमवार विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। जिसमें संयुक्त संचालक एच. आर. सोम उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक के एजेण्डा में जर्जर शाला भवनों की जानकारी, विभागीय पोर्टल में मूलभूत प्रविष्टि की जानकारी, शौचालय निर्माण व मरम्मत की अद्यतन जानकारी, जाति प्रमाण पत्र की जानकारी, न्यायालयीन प्रकरण के संबंध में चर्चा की गई। साथ ही न्योता भोज की जानकारी, सायकल वितरण की जानकारी, एक पेड़ मां के नाम, स्वच्छ हरित विद्यालय, बिल्डथान पर चर्चा त्रैमात्तिक परीक्षाफल शिक्षक उपस्थिति की समीक्षा की गई और ई–विद्या से पढ़ाई, परख की परीक्षा की तैयारी, वार्षिक परीक्षा की तैयारी, अपार आई डी, यू–डाईस की जानकारी एवं अन्य मुद्दो पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। अपार आई डी एवं जाति प्रमाण पत्र यू–डाईस से संबंधित प्रगति पर विशेष ध्यान के लिए दिशा निर्देश दिए गए।



### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान, जिला मिशन समन्वयक श्री ईमल बघेल, सहायक जिला परियोजना अधिकारी श्रीमती शीला शार्दूल एवं सहायक कार्यक्रम समन्वयक, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड स्त्रेत समन्वयक, सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष

### कमिश्नर पहुंचे जांच...

भी वाहनों की सघन जांच किया जाए। उन्होंने जांच चौकी में ड्यूटी से अनुपस्थित कर्मचारियों को नोटिस जारी कर सम्बंधितों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान अवगत कराया गया कि नगरनार धान खरीदी केंद्र में कुल 371 पंजीकृत किसान हैं और वर्तमान में 20 हजार नए बारदाने एवं 15 हजार पुराने बारदाने उपलब्ध है। इस खरीदी केन्द्र में सात किसानों ने 26 नवम्बर को करीब 370 क्विंटल धान विक्रय करने के लिए टोकन कटवाया है। ज्ञात हो कि शासन की समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के तहत जिले में अब तक 58 धान खरीदी केन्द्रों द्वारा 27 हजार 622 क्विंटल धान की खरीदी की गई है।

### बीमा कंपनी देगी...

बहुत अधिक तकनीकी नहीं होना चाहिए। बीमा कंपनी यह प्रमाणित करने में असफल रही है कि दुर्घटना के समय वाहन में क्षमता से अधिक व्यक्ति सवार थे। इस संबंध में बीमा कंपनी कोई साक्ष्य या दस्तावेज प्रस्तुत करने में असफल रही है। जिला आयोग द्वारा आवेदक को हुई मानसिक पीड़ा हेतु 10 हजार रूपए पृथक से अदा किए जाने का आदेश भी पारित किया गया है।

### अवैध शिकार, तस्करी...

महत्व के बारे में जागरूक किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, आधुनिक तकनीकों का उपयोग करके निगरानी को और अधिक प्रभावी बनाया गया है। वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी बिना थके जंगल और उसके आस-पास के इलाकों में गश्त और खोजबीन कर रहे हैं। वे अवैध कटाई रोकने, वन्यजीवों की गतिविधियों पर नजर रखने और वन अपराधों को रोकने जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए फील्ड में मौजूद हैं।

# विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर कार्य समय सीमा में पूर्ण करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

बैठक में कलेक्टर संबित मिश्रा ने विशेष गहन पुनरीक्षण से जुड़े सभी कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने को कहा। उन्होंने

■ धान उपार्जन प्रगति एवं विकास कार्यों की हुई विस्तृत समीक्षा



जिला एवं पुलिस प्रशासन सहित सभी विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों को दो दिनों के भीतर अपना गणना पत्रक भरकर बीएलओ को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने खरीफ सीजन 2025-26 के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की समीक्षा करते हुए उपार्जन केंद्रों में सतत निगरानी रखने, किसानों की सुविधाएं सुनिश्चित करने, जिले में अवैध रूप से धान के परिवहन व भंडारण पर सख्त निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दोषी पाए जाने वालों पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए नियद नेल्लानार क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं एवं अधोसंरचना के विस्तार की प्रगति की जानकारी लेते हुए कार्यों में गति लाने को कहा गया। कलेक्टर ने शत-प्रतिशत सैचुरेशन के लिए विशेष शिविर आयोजित कर सभी प्रकार के दस्तावेज ग्रामीणों को सुगमता से उपलब्ध कराने पर बल दिया। कलेक्टर ने आत्मसमर्पित नक्सलियों तथा नक्सल पीड़ित परिवारों के सैचुरेशन हेतु सभी आवश्यक दस्तावेज जन्म प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, बैंक खाता आदि शीघ्र और सरलता से उपलब्ध कराने को कहा।

पुनर्वास केंद्र में उल्लास साक्षरता अभियान, खेल-कूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों उपलब्ध संसाधनों की समीक्षा कर पुनर्वासितों को शासकीय योजनाओं से जोड़ने पर जोर दिया गया। बैठक में सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे,अपर कलेक्टर भूपेंद्र अग्रवाल, एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर तथा सीईओ जनपद पंचायत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### वनाधिकार, तेंदूपत्ता संग्रहण और अन्य योजनाओं पर भी निर्देश

बैठक में कलेक्टर ने वनाधिकार प्राप्त किसानों के फौती नामांतरण प्रकरणों का त्वरित निराकरण, बैंक खाता विहीन तेंदूपत्ता संग्राहकों के बैंक खाता खुलवाने,वनाधिकार पत्र हेतु प्राप्त नए आवेदनों का संयुक्त स्थल परीक्षण, पात्र हितग्राहियों को श्रम कार्ड, मातृत्व वंदना योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभ लंबित प्रकरणों को जल्द निराकृत कर मुआवजा राशि स्वीकृत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### 4 तहसीलदार और 2 सीएमओ को शोकाज नोटिस

**दंतेवाड़ा।** विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य जिले में प्रगतिशील है। आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार गणना पत्रक का डिजिटल रूपांतरण कार्य समय-सीमा में पूर्ण करना अनिवार्य किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा प्रतिदिन शाम 6 बजे गणना पत्रक के डिजिटाइजेशन की प्रगति की समीक्षा हेतु वीडियो कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाती है। 24 नवंबर को आयोजित समीक्षा बैठक में सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की प्रगति अत्यंत कम पाई गई। इसके तहत कटेकल्याण तहसीलदार का प्रतिशत 43.67, दंतेवाड़ा 48.24, बड़े बचेली 44.41, कुआकोंडा 43.13 तथा नगर पंचायत गीदम में मुख्य नगरपालिका अधिकारी का प्रतिशत 49.62 और दंतेवाड़ा का 44.85 दर्ज किया गया। यह आंकड़े अपेक्षाकृत कम होने से कलेक्टर ने नाराजगी प्रकट करते हुए स्पष्ट कहा कि संबंधित अधिकारी गणना पत्रकों के डिजिटाइज्ड कार्य को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं जो निर्वाचन कार्य में लापरवाही तथा वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना को दर्शाता है। इसके साथ ही उन्होंने उपरोक्त अधिकारियों को शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि कार्य समय पर पूर्ण नहीं होता, तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी की होगी।

### यशोदा ने 2 लाख ऋण लेकर शुरू किया स्वयं का व्यवसाय

दंतेवाड़ा। वर्ष 2023-24 से पहले ग्राम कुआकोण्डा पुजारीपारा की रहने वाली कुमारी यशोदा नाग अपने अनिश्चित भविष्य और परिवार की खराब आर्थिक स्थिति की समस्याओं से जूझ रही थी। पिता स्व. लक्ष्मीनाथ नाग के स्वर्गवासी होने के पश्चात परिवार को देखरेख का भार उसके कंधों पर आ पड़ा था। परिवार में उनके मां के अलावा दो छोटे भाई बहन भी थें जिनकें पढ़ाई लिखाई का जिम्मा भी उसे उठाना था। उसने पारिवारिक जिम्मेदारी के चलते वह केवल 12 वीं तक ही पढ़ाई कर पाई थी। अंततः जिला अंत्याव्यसायी सहकारी विकास समिति की आदिवासी महिला सशक्तिकरण योजना के बारे में उसने जानकारी जुटाई और कार्यालय जिला समिति दन्तेवाड़ा में आकर आदिवासी महिला सशक्तिकरण योजना में सभी आवश्यक दस्तावेज जमाकर इस योजना की सफल लाभार्थी बनने का सपना साकार किया। यशोदा बताती है कि व्यवसाय संचालन के लिए कार्यालय द्वारा 2 लाख रूपये का ऋण प्रदाय किया गया।

# एसआईआर गड़बड़ी और धोखाधड़ी रोकने का सबसे महत्वपूर्ण उपकरण : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

ग्राम पंचायत उलनार में बकावंड ब्लॉक के कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों की बैठक बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ली। उन्होंने एसआईआर के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि यह अभियान मताधिकार की सुरक्षा तथा वोटिंग प्रक्रिया की पारदर्शिता

■ संगठन मजबूती पर बकावंड व करपावंड ब्लॉक में विधायक की बैठक



सुनिश्चित करने में एक अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

उन्होंने कहा कि एसआईआर फॉर्म ग्राम स्तर पर भरे जा रहे हैं। जिनमें चिन्हित मतदाताओं की जानकारी का सत्यापन बीएलओ के माध्यम से सुनिश्चित किया जाएगा इस कार्य में बूथ स्तर के पदाधिकारियों बीएलए एवं बूथ अध्यक्षों को जिम्मेदारी पूर्वक कार्य करते हुए सक्रिय सहयोग करने के निर्देश दिए गए।

विधायक ने कार्यकर्ताओं को सतर्क रहने की हिदायत देते हुए स्पष्ट किया कि वास्तविक मतदाताओं के नाम न काटे जाएं और किसी भी स्थिति में फर्जी नाम जोड़े जाने न पाए। यदि देश में किसी पार्टी ने आम जनता के मताधिकार की रक्षा करने की जिम्मेदारी उठाई है तो वह कांग्रेस है। एसआईआर देशभर में वोटिंग में गड़बड़ी और धोखाधड़ी रोकने का सबसे महत्वपूर्ण उपकरण है जिसे राहुल गांधी ने देश के सामने रखा कांग्रेस आम जनता के अधिकारों की लड़ाई लड़ रही है। बैठक में बस्तर ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला ने इस अभियान को ऐतिहासिक पहल बताते हुए कहा कि हर कार्यकर्ता प्रशिक्षित हो, हर बूथ सशक्त हो यही कांग्रेस की नई दिशा और दृष्टि है। कांग्रेस का यह प्रशिक्षण तथा एसआईआर मॉनिटरिंग अभियान बूथ से लेकर प्रदेश स्तर तक संगठन मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने एवं राजनीतिक जागरूकता बढ़ाने का निर्णायक कदम है। इस दौरान बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

### जिला अस्पताल में मॉडल आपदा प्रबंधन योजना के सुदृढ़ क्रियान्वयन की शुरुआत



**दंतेवाड़ा।** जिला अस्पताल में मॉडल आपदा प्रबंधन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए स्वास्थ्य विभाग एवं यूनिसेफ के सहयोग से महत्वपूर्ण गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। विगत वर्ष हेल्थ सिस्टम इमरजेंसी प्रिपेरेडनेस विषय पर राज्य एवं संभाग स्तर पर व्यापक प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। जिसके आधार पर चयनित 7 जिलों में अस्पताल आपदा प्रबंधन समिति का गठन किया गया जिनमें दंतेवाड़ा जिला भी शामिल है। मॉडल एचडीएमपी को व्यावहारिक रूप से लागू करने हेतु यूनिसेफ द्वारा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ वंदना चौहान को जिलों के भ्रमण हेतु आमंत्रित किया गया है जो अस्पतालों को हैंड होल्डिंग, मार्गदर्शन एवं तकनीकी सहायता प्रदान इसी क्रम में जिला अस्पताल में एक बहु-विभागीय बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें अग्निशमन विभाग, विद्युत विभाग और पीडब्ल्यूडी के सदस्यों को शामिल रहे।

# भांसी में सड़क निर्माण से ग्रामीणों में उत्साह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

बुधराम पारा से डेम रोड तक सीसी रोड निर्माण कार्य इन दिनों तेजी से जारी है। एनएमडीसी के सहयोग से हो रहे इस कार्य को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि 70 वर्षों में पहली बार इस क्षेत्र में किसी बड़े निर्माण कार्य की शुरुआत हुई है, जो उनके जीवन स्तर को सुलभ और बेहतर बनाने में मदद करेगा।

सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने एनएमडीसी के प्रति आभार जताते हुए पूरे गांव में इसी तरह के विकास कार्यों की मांग की है। उनका कहना है कि यदि गांव भर की सड़कों का निर्माण किया जाए, तो क्षेत्र की तस्वीर पूरी तरह बदल सकती है। वहीं, ग्रामीणों ने आवास समस्या पर भी ध्यान आकर्षित करते हुए बताया कि अधिकांश आदिवासी परिवार आज भी मिट्टी और लकड़ी के बने कच्चे घरों में रहते हैं। ऐसे में एनएमडीसी द्वारा गांव का सर्वे कर पात्र परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध कराना बेहद जरूरी है, ताकि विकास का लाभ हर परिवार तक पहुँच सके। ग्रामीणों ने गांव में स्ट्रीट लाइट व्यवस्था की मांग भी उठाई है, जिससे मूलभूत सुविधाओं को मजबूती मिल सके।

# 300 छात्र-छात्राओं ने योग के गुर सीखे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

मां दन्तेश्वरी के पावन धरा पर पांच दिवसीय योग विज्ञान शिविर का आयोजन मां दंतेश्वरी कारीडोर में 25 नवंबर को समस्त नगर वासियों एवं पतंजलि परिवार दंतेवाड़ा के सामूहिक प्रयास से संपन्न हुआ।

योग शिविर में योग आसन, प्राणायाम, सुर्यनमस्कार आदि योगाभ्यास सिखाया गया। .स्वामी रामदेव एवं आचार्य बाल कृष्ण के योग आयुर्वेद, स्वदेशी, प्राकृतिक चिकित्सा पतंजलि के प्रकल्प आचार्यकुलम, गुरुकुलम, योग ग्राम, वेलनेस सेंटर, पतंजलि रिसर्च सेंटर के साथ पतंजलि के दिव्य औषधि से बीपी, शुगर, जोड़ो के दर्द, श्वसन तंत्र कें रोग, उदररोग



के उपचार के लिए आयुर्वेदिक दवा बताया गया। मुख्यालय स्थित प्री मैट्रिक, पो. मैट्रिक हास्टल के करीबन 300 छात्र छात्राओं ने योग के गुर सीखे। प्रतिदिन हवन,काढ़ा वितरण, अंकुरित मुंग,चना,का वितरण किया गया। योग शिविर का संचालन आचार्य कैलाश, पतंजलि योगपीठ ट्रस्ट हरिद्वार उमेश, राज्य कार्यकारणी सदस्य नरोत्तम , जिला प्रभारी संगठन मंत्री छबिल, भगतराम कोषाध्यक्ष ने किया। पायल गुप्ता नगर पंचायत अध्यक्षा कैलाश मिश्रा उपाध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, राजनाथ साय, नरेन्द्र साहू, निरंजन महराज, भैया लाल जी पटेल, भारती साहू, खिरेन्द्र ठाकुर, रामकुमार गुप्ता के सहयोग से शिविर आयोजित हुआ।

# 217 मरीजों को मिला व्यापक उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

शिखर युवा मंच एवं एसबीआई फाउंडेशन के संयुक्त सहयोग से ग्राम पदेड़ा ब्लॉक एवं बीजापुर में एसबीआई संजीवनी क्लिनिक ऑन

■ गंभीर मरीजों को किया गया रेफर, विशेषज्ञ डॉक्टर की महत्वपूर्ण भूमिका



व्हील्स के माध्यम से आयोजित ऑर्थोपेडिक मेगा हेल्थ कैंप ग्रामीणों के लिए अत्यंत लाभदायक सिद्ध हुआ। हड्डी एवं जोड़ से संबंधित बीमारियों के विशेषज्ञ उपचार हेतु आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। 217 मरीजों ने पंजीकरण कराया और स्वास्थ्य जांच, आवश्यक दवाइयां तथा विशेषज्ञ परामर्श का लाभ उठाया। शिविर में 9 गांवों के लोगों की सहभागिता रही जिससे ग्रामीण समुदाय की स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति बढ़ती जागरूकता स्पष्ट दिखाई दी। शिविर के दौरान 70 मरीजों की लैब जांच की गई। जिनमें मलेरिया 30, हिमोग्लोबिन 132 मरीजों का स्तर 8 ग्राम से कम पाया गया। 3 विडाल, 5 सिकलिन 6, एब्लड ग्रुप 1 प्राप्त परिणामों के आधार पर मरीजों को तत्काल दवाइयां और आवश्यक उपचार प्रदान किया गया।

12 मरीजों को उपचार हेतु रेफर किया गया। जिनमें 11 मलेरिया पॉजिटिव मरीज तथा 1 ऑर्थोपेडिक हिप डिसलोकेशन का गंभीर मामला शामिल था। जिसे उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा के लिए भेजा गया। कैंप में ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञ डॉ. यशवंत द्वारा जटिल हड्डी एवं जोड़ संबंधी मामलों की पहचान और उपचार संभव हुआए जिससे मरीजों को अत्यंत राहत मिली।

एसबीआई संजीवनी एमएमयू टीम बीजापुर ने शिविर संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टीम में शामिल थे जिसमें मुकेश मानिकपुरी, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर, जीनूराम वर्मा, चिकित्सक, सिद्ध मौर्य फार्मासिस्ट, मनोरमा उसेंडी लैब तकनीशियन, खुशबूलता चौधरी, स्टाफ नर्स, सियाराम कुडियम सहित अन्य स्टाफ मौजूद थे।

# वास्तविक किसान की ही धान खरीदी की जा सके : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



जिला कार्यालय में बैठक का आयोजन कलेक्टर कुणाल दुदावत ने किया। कलेक्टर ने समर्थन मूल्य में धान खरीदी की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी किसानों से प्राथमिकता से टोकन काट कर खरीदी किए जाए। इसके अलावा कृषकों के गेट पास और सभी किसानों के अनिवार्यत फोटो भी लेना सुनिश्चित करें। ताकि वास्तविक किसान की ही धान खरीदी की जा सके। उन्होंने धान खरीदी के लिए अनावरी रिपोर्ट को समितिवार और ग्राम वॉर एंट्री करने कहा गया ताकि कृषकों के वास्तविक उपज धान की ही खरीदी हो। उन्होंने सभी समिति और उपार्जन केंद्र के द्वारा किसानों के धान बिक्री के पश्चात अनिवार्य रूप से रकबा समर्पण कराने और किसान पंजीयन के अपूर्ण, अप्राप्त व्यक्तिगत जानकारी को शीघ्रता से पूर्ण करने को कहा। इस क्रम में उनके द्वारा जिले में धान खरीदी अवधि के दौरान अवैध धान परिवहन, खरीदी बिक्री को रोकने हेतु मंडी अधिनियम के अधीन कार्यवाही करने निर्देशित किया गया।

समय सीमा बैठक में कलेक्टर द्वारा उद्योग, जनपद पंचायत, श्रम तथा लीड बैंक अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार मेले के तहत शत प्रतिशत संतृप्तिकरण करने हेतु निर्देशित करते हुए कहा कि इस अभियान में युवाओं एवं स्व सहायता समूहों को प्राथमिकता में रखते हुए उपरोक्त संबंधित विभाग आपसी समन्वय बना कर लक्ष्यापूर्ति करें।

### प्राथमिक शाला बड़े तुगाली में बच्चों को मिल रहा स्वच्छ पेयजल

**बीजापुर।** भैरमगढ़ ब्लॉक के प्राथमिक शाला बड़े तुंगाली डाइस कोड 22203120001 में स्कूली बच्चों को स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति स्कूल से 600 मीटर दूर पर स्थित नलकूप के माध्यम से हो रहा है। स्कूल के बच्चों को नाला के पानी पीने तथा नाला के पानी से मध्यान्ह भोजन बनाए जाने की खबर प्रकाशित होने के उपरांत जिला शिक्षा अधिकारी ने बस्तु स्थिति की जानकारी ली। जिसमें प्रधानपाठक द्वारा बताया गया कि बच्चों के पीने के लिए एवं मध्यान्ह भोजन पकाने के लिए नलकूप का शुद्ध पेयजल को उपयोग में लाया जाता है। स्कूल का संचालन शेड में किया जा रहा है तथा स्कूल से लगभग 600 मीटर दूरी पर स्थित नलकूप से प्रतिदिन रसोइयों द्वारा पेयजल लाया जाता है। जिसका मध्यान्ह भोजन बनाने और बच्चों के पीने हेतु उपयोग किया जाता है। वहीं जिला कार्यालय द्वारा विद्यालय में शौचालय निर्माण की स्वीकृति भी पूर्व में प्रदान की जा चुकी है जिसका निर्माण वर्तमान में प्रगति पर है।

# अफसरों की निगरानी में हो रहा एसआईआर कार्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

बस्तर विधानसभा में विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया चल रही है, जिसका उद्देश्य आगामी चुनाव के लिए एक त्रुटिहीन और पारदर्शी मतदाता सूची तैयार करना है। इस प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए बीएलओ के सहयोगी जनपद व तहसील कार्यालय में उपस्थिति देकर गणना पत्रक का अपलोड कार्य तेजी से किया जा रहा है। इस कार्य में एसडीएम एवं तहसीलदार व सुपरवाइजर की निगरानी में कार्य संपादित किया जा रहा है जिससे ऑनलाइन प्रक्रिया में तेजी से वृद्धि हो सके।

### थाना प्रभारी ने साइबर अपराध, यातायात नियमों, नशा के दुष्प्रभाव के बारे में दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

ग्राम रेटावंड में महाविद्यालय बकावंड के छात्रों द्वारा 7 दिवसीय एनएसएस शिविर के तहत महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। बस्तर थाना प्रभारी सुरेश जांगड़े ने छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध, ऑनलाइन फ्रॉड, महिला संबंधित अपराध, यातायात नियमों और नशे के दुष्प्रभाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी और जागरूक किया। इस दौरान शिक्षकों की उपस्थिति में छात्रों को इन विषयों पर गहन जानकारी दी और उन्हें सुरक्षित रहने के तरीके सिखाए गए। थाना प्रभारी ने यह भी बताया कि किसी भी परेशानी में तुरंत पुलिस थाने के शासकीय मोबाइल नंबर या डायल 112 पर संपर्क किया जा सकता है। थाना प्रभारी ने स्कूल भवन का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। ऐसे कार्यक्रम छात्रों को समाज के प्रति जागरूक करने और उन्हें सुरक्षित जीवन के लिए प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# पांचवीं अनुसूची क्षेत्र में ग्राम सभा का अधिकार छीना जा रहा : मौर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहंडीगुड़ा



चित्रकोट जलप्रपात परिसर में एसडीएम लोहंडीगुड़ा द्वारा नाका वाहन पार्किंग शुल्क पर लगाई गई रोक के बाद पर्यटन क्षेत्र में भारी अव्यवस्था, गंदगी और भीड़ प्रबंधन की समस्या लगातार बढ़ रही है। नाका बंद होने से ग्राम पंचायत को बड़ा राजस्व नुकसान हुआ है और गांव के कई युवा, जो नाका संचालन में रोजगार पा रहे थे, पिछले 6 महीनों से बेरोजगार हो गए हैं। ग्राम पंचायत और ग्रामवासियों द्वारा कई बार उपमुख्यमंत्री अरुण साव, कलेक्टर बस्तर और एसडीएम लोहंडीगुड़ा को आवेदन देने के बावजूद ग्राम सभा के स्पष्ट प्रस्ताव की लगातार अनदेखी की जा रही है। सरपंच भंवर मौर्य ने इसे ग्राम सभा के संवैधानिक अधिकारों का खुला उल्लंघन बताया है। भंवर मौर्य का कहना है कि पांचवीं अनुसूची क्षेत्र में ग्राम सभा सर्वोच्च है। फिर भी नाका सिल कर ग्राम सभा को कमजोर किया जा रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि पहले नाका का राजस्व अधिकारियों की वीआईपी खातिरदारी और निजी खर्च में इस्तेमाल होता था, जिसे उन्होंने रोककर पूरा पैसा विकास कार्यों में लगाना शुरू किया। इसके बाद उन्हें धारा 40 के जरिए पद से हटाने का दबाव बनाया जा रहा है। सरपंच मौर्य ने प्रशासन से सीधा सवाल पूछा कि ग्राम के युवाओं को 6 महीने से बेरोजगार किसने किया, ग्राम पंचायत के लाखों रुपये की हानि की भरपाई कौन करेगा, क्या प्रशासन करेगा। जितनी हानि पंचायत और युवाओं की हुई है, उसकी भरपाई प्रशासन को करनी पड़ेगी। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि 30 नवंबर तक नाका की सील नहीं हटती है, तो दिसंबर से पूरे गांव के लोग एसडीएम कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठेंगे।

**न्यायालय तहसीलदार, केशकाल**
**जिला कोण्डागांव (छ.ग.)**

रा.मा.क्र.- 202510201200020 / अ-6/2024-25
ग्राम पीपरा, तहसील केशकाल

**उद्घोषणा**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण गाण्डोराम नेताम पिता स्व. लिंगो, दानसाय, लालयसाय पिता स्व. लिंगो, आयतु पिता गाण्डोराम, सन्तु पिता दानसाय, रमेश पिता लालसाय जाति गोंड निवासी ग्राम बड़ेठेमली पीपरा द्वारा इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है कि माननीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी केशकाल के व्यवहार वाद क्रं. 05 अ/2022 आदेश दिनांक 21/06/2024 के तहत घड़वाराम पिता स्व. नाड़ीराम के विरूद्ध आवेदकगण गाण्डोराम नेताम पिता स्व. लिंगो, दानसाय, लालयसाय पिता स्व. लिंगो, आयतु पिता गाण्डोराम, सन्तु, रमेश के पक्ष में हुआ है। आवेदकगण एवं अनावेदक की पैतृक भूमि घड़वाराम पिता स्व. नाड़ीराम के नाम पर ग्राम पीपरा प.ह.नं. 26 रा.नि.मं. बहीगांव तहसील केशकाल स्थित भूमि ख.नं. 439/4 शामिल 626, 626/4 शामिल 626/6, 627/16, 627/17 कुल ख.नं. 4 रकबा क्रमशः 1.0525, 0.526, 0.567, 0.4050 कुल रकबा 2.5500 हे. भूमि में आवेदकगण अपना नाम दर्ज करवाने मान. व्यवहार न्यायालय से पारित आदेश दिनांक 21/06/2024 डिक्री आदेश के आधार पर रिकार्ड दुरूस्त करवाने हेतु आदेश की छायाप्रति सहित इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था / को दावा आपत्ति हो तो प्रकरण सुनवाई दिनांक 05/12/2025 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के द्वारा अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह उद्घोषणा आज दिनांक 21/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी।

मुहर

तहसीलदार
केशकाल

**न्यायालय तहसीलदार बस्तर**
**जिला बस्तर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./क/ब 121/2024-2025

**उद्घोषणा**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका तुलसा नाग पिता/पति स्व. दोरगी नाग जाति माड़िया निवास ग्राम बागमोहलई द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि उसके पिता स्व. दोरगी नाग पिता स्व. हुंगा की माता/पिता मृत्यु दिनांक 19/12/2002 को ग्राम बागमोहलई में होना बताते हुए मृत्यु होने से जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/महिला/संस्था को आवेदन पत्र के संबंध में आपत्ति पेश करना हो तो वे नियत तिथि 11/12/2025 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। म्याद पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा सहित जारी किया।

मुहर

तहसीलदार
बस्तर

**न्यायालय नायब तहसीलदार**
**लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर (छ.ग.)**

**// उद्घोषणा//**

राजस्व प्रकरण क्र./ब-121/202510152300069/2024-25
ग्राम हाथीदरहा प.ह.नं. 06

एतद् द्वारा ग्राम हाथीदरहा के जनता को सूचित किया जाता है, कि आवेदक श्री बलिराम यादव पिता सुकराम यादव जाति रावत निवासी ग्राम हाथीदरहा के द्वारा जन्म प्रमाण पत्र बाबत् आवेदन मय अन्य दस्तावेज इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। आवेदक अपनी पुत्री का जन्म प्रमाण पत्र शासकीय कार्य हेतु बनाना चाहते हैं। आवेदक अपनी पुत्री संजना यादव पिता बलिराम यादव का जन्म दिनांक 01/01/2005 का उल्लेखित है। जिनका प्रकरण इस न्यायालय में विचारधीन है। जिसकी पेशी तिथि 28/11/2025 को नियत है। यदि किसी को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो अपने अभिभाषक अथवा अधिवक्ता के माध्यम से निर्धारित अवधि तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयोपरान्त किसी के भी आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से उद्घोषणा जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
लोहण्डीगुड़ा

## खबर संक्षेप

### तसर रेशम कृषक मेला का आयोजन 28 को

**जगदलपुर।** तसर रेशम कृषक मेला 28 नवंबर को प्रातः 10.30 बजे से कुम्हरावंड स्थित शहीद गुण्डाधुर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र के ऑडिटोरियम भवन में आयोजित होगा। इस मेले का मुख्य उद्देश्य बस्तर अंचल के रेशम कृषकों को तसर उत्पादन की नवीनतम और उन्नत तकनीकों से परिचित कराना है, जिससे उनकी उपज गुणवत्ता और आर्थिक आय में वृद्धि हो सके। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जगदलपुर विधायक श्री किरण सिंह देव रहेंगे। वहीं बस्तर के वन मण्डल अधिकारी श्री उत्तम कुमार गुप्ता, रेशम विभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉ. राजेश बघेल, शहीद गुण्डाधुर कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ आरएस नेताम, बुनियादी तसर रेशम बीज संगठन बिलासपुर के निदेशक डॉ एनके भाटिया और केन्द्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, राँची के निदेशक डॉ बालाजी चैधरी विशिष्ट अतिथियों के रूप में शामिल होंगे। यह कृषक मेला तसर कृषकों को विशेषज्ञों से सीधे संवाद करने का अवसर प्रदान करेगा। आयोजकों ने सभी कृषकों, रेशम उद्यमियों और संबंधित हितधारकों से अनुरोध किया है कि वे निर्धारित समय पर उपस्थित होकर इस ज्ञानवर्धक कार्यक्रम का अधिकतम लाभ उठाएँ। यह मेला क्षेत्र में तसर रेशम उत्पादन को एक नई गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।

### मछली पकड़ने गए ग्रामीण की डूबने से मौत

**कांकेर।** सरोना थानांतर्गत गुट्टा सरार में मछली पकड़ने के लिए गए ग्रामीण का डूबने से मौत हो गया। मिली जानकारी के अनुसार मृतक कन्हनपुरी निवासी 45 वर्षीय दिलीप सलाम 24 नवंबर को गुट्टा सरार में मछली पकड़ने के लिए गया हुआ था। अचानक गहरे पानी में चले जाने से डूब गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

# ब्रुडिंग सेंटर ने बढ़ाई पशुपालकों की उम्मीदें, 30 गांवों के 300 परिवार हो रहे लाभान्वित

## ग्रामीण परिवारों को स्थायी आजीविका देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत संचालित आईएफसी परियोजना अब बस्तर जिले में पशुपालकों के लिए नई रोशनी बनकर उभर रही है। तोकापाल, लोहंडीगुड़ा और जगदलपुर विकासखंड के संकुल संगठनों द्वारा स्थापित आजीविका सेवा केंद्र में चूजा ब्रुडिंग सेंटर का संचालन क्षेत्र के ग्रामीण परिवारों को स्थायी आजीविका देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है।

इन बुरडिंग सेंटरों में चूजों की शुरुआती 15 दिनों तक विशेष देखभाल, तापमान नियंत्रण, पौष्टिक आहार और समय-समय पर टीकाकरण किया जा रहा है, ताकि मुर्गीपालन शुरू करने वाले परिवारों को पूरी तरह स्वस्थ और सक्षम चूजे उपलब्ध कराए जा सकें। इससे चूजों की मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी आती है और पालन का जोखिम भी कम होता है। परियोजना के तहत 30 गांवों के लगभग 300 पशुपालक परिवारों को प्रति परिवार 50 से 100 चूजे बुरडिंग अवधि पूर्ण होने के बाद उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इससे उनके घरों में छोटे स्तर पर मुर्गीपालन की एक भरोसेमंद व्यवस्था विकसित होगी, जो आने वाले समय में आय का स्थायी स्त्रोत बनने की क्षमता रखती है।



### रोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे

ब्रुडिंग सेंटर की सुविधा ने न केवल चूजों की गुणवत्ता और उत्पादन को बढ़ाया है, बल्कि पशुपालकों की आर्थिक स्थिति मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बेहतर स्वास्थ्य, उचित आहार और रोग नियंत्रण के कारण चूजे तेजी से बढ़ते हैं, जिसके चलते किसानों को अपेक्षित लाभ मिलता है। साथ ही बुरडिंग सेंटर के संचालन से स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी पैदा हो रहे हैं। ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने की दिशा में उठाया गया यह कदम बस्तर के अनेक परिवारों के लिए आर्थिक आत्मनिर्भरता का नया रास्ता खोल रहा है।

## विभिन्न विभाग एसआईआर के कार्य में करें आवश्यक सहयोग

# खरीदी केंद्रों में बारदानों की कमी नहीं होनी चाहिए : हरिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



कलेक्टर हरिस एस ने कहा कि धान खरीदी व्यवस्था के सुचारू संचालन पर विशेष ध्यान देवें। खरीदी केन्द्रों के सभी नोडल अधिकारी बारदाना उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे, किसी भी समिति में बारदानों की कमी नहीं होनी चाहिए। साथ ही संग्रहण केन्द्रों में

- समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

स्टैगिंग की व्यवस्था को निर्धारित मानक के अनुरूप सुव्यवस्थित किया जाए। उन्होंने कहा कि पीडीएस दुकानों से बारदाना वापस जमा करवाया जाए। संवेदनशील खरीदी केंद्रों में निगरानी बढ़ाई जाए और सीमावर्ती क्षेत्रों व बड़े किसानों पर विशेष ध्यान रखा जाए। कलेक्टर हरिस एस ने मंगलवार को समय-सीमा की बैठक लेकर जिले में चल रहे प्रमुख विकासात्मक, प्रशासनिक और कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति कार्यों की विस्तृत समीक्षा की।

बैठक में कलेक्टर ने खरीदी केन्द्रों में गेट पास ऐप, सतर्क ऐप का उपयोग करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने कहा कि किसानों द्वारा अपनी जमीन का पूरा खसरा को जोड़वाने के लिए (यूएफआर के तहत की जानकारी को अपडेट) एग्रिस्टैक के माध्यम से सीएससी सेंटर से या सोसायटी में जाकर जुड़वा सकते हैं । इसकी भी जानकारी भी दिया जाए। किसानों का रकबा समर्पण की प्रक्रिया समितियों के माध्यम से करवाने कहा। टोकन व्यवस्था, फिजिकल वेरिफिकेशन और चेक पोस्ट की निगरानी को सुदृढ़ करने निर्देशित किया।

कलेक्टर ने कहा कि जिले में एसआईआर के कार्य किया जा रहा इसमें बीएलओ को विभिन्न विभागों के अधिकारियों और मैदानी अमलों द्वारा फॉर्म भरवाने, डिजिटाइजेशन कार्य में आवश्यक सहयोग सुनिश्चित करें, उन्होंने ग्राम सचिव तथा रोजगार सहायकों को आवश्यकता अनुसार वालिंटियर के रूप में सहयोग करने हेतु निर्देशित किया।

बैठक में शासन के निर्देशानुसार आधार कार्ड आधारित बायोमेट्रिक उपस्थिति, जेम पोर्टल से खरीदी के संबंध में चर्चा किया गया। इसके अलावा बैठक में एनसीएईआर रिपोर्ट की चर्चा करते हुए कहा कि मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सरपंच एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के समन्वय से स्कूली बच्चों के आधार कार्ड बनवाने की पहल तेज करने निर्देश दिए गए। 0-5 वर्ष के बच्चों का आधार सेचुरेशन करवाने पर बल दिया गया। पिछले पाँच वर्षों में अस्पतालों द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्रों का उपयोग आधार एवं जाति प्रमाण पत्र के लिए करने पर भी चर्चा हुई। आयुष्मान कार्ड बनाने, एसबीएम शौचालयों की रिवेरीफिकेशन की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ प्रतीक जैन, अपर कलेक्टर सीपी बघेल सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### अधूरे कार्यों को जल्द पूरा करें

कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के आयुष्मान कार्ड, मोतियाबिंद जांच एवं उपचार, स्वास्थ्य केंद्र भवनों की स्थिति , कृषि विभाग के प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत वारिसन का नामांतरण, एग्री-स्टैक एवं पंजीयन की स्थिति, किसान क्रेडिट कार्ड के लक्ष्य अनुरूप प्रगति, शिक्षा विभाग से आपार आईडी, स्कूलों में जाति प्रमाण पत्र की समीक्षा किए । इसके अलावा बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के अंतर्गत अपूर्ण कार्यों की प्रगति, लोक निर्माण विभाग, ब्रिज एवं सेतु निर्माण, जल संसाधन विभाग के कार्यों की अद्यतन स्थिति, जेम पोर्टल से खरीदी का जिला स्तरीय समिति द्वारा सत्यापन कर आवश्यक कार्यवाही करने निर्देश दिए।

# नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से नशा मुक्ति के संदेशों का किया प्रसार




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शासकीय उ.मा.वि. तितिरगांव द्वारा 15 से 21 नवम्बर तक आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन मंगलवार को हुआ। नशा मुक्त भारत थीम पर आयोजित इस शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक

- रासेयो इकाई शाउमावि तितिरगांव का सात दिवसीय विशेष शिविर

जिम्मेदारी, सेवा भावना और व्यक्तित्व विकास को सुदृढ़ करना था।

समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच खीरमनी कश्यप एवं विशिष्ट अतिथि गोदग्राम संयोजक, प्राध्यापक शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के डॉ. शरद नेमा, कार्यक्रम समन्वयक रासेयो बस्तर विश्वविद्यालय डॉ. सजीवन कुमार तथा कार्यक्रम अधिकारी शमकविवि डॉ भुवनेश्वरलाल साहू उपस्थित रहे।

विद्यालय की प्राचार्य हेमलता त्रिपाठी, जिन्होंने कार्यक्रम की अध्यक्षता की, ने कहा कि सामाजिक सेवा व्यक्ति को न केवल संवेदनशील बनाती है, बल्कि समाज के उत्थान में योगदान का अवसर भी प्रदान करती है। उनके मार्गदर्शन में जागरूकता रैली, योग अभ्यास, बौद्धिक परिचर्चा, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से नशा मुक्ति, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और पर्यावरण संरक्षण के संदेशों का प्रसार किया गया।

सरपंच खीरमनी कश्यप के विशेष सहयोग तथा विद्यालय के समस्त स्टाफ की सहभागिता से यह शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उक्त जानकारी रासेयो इकाई तितिरगांव की कार्यक्रम अधिकारी कु रूपा यादव द्वारा साझा की गई।

शिविर के दौरान विद्यार्थियों ने रैली, योग, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और बौद्धिक सत्रों के माध्यम से नशा मुक्ति, बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ, पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर जनजागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया। सात दिनों की गतिविधियों ने छात्र-छात्राओं में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और समाज सेवा के प्रति समर्पण की भावना को और मजबूत किया।

# बस्तर में कर्मचारी संगठन हुआ और अधिक मजबूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला बस्तर के चुनाव में सर्वसम्मति से गजेंद्र श्रीवास्तव को बस्तर जिला संयोजक चुना गया।

- फेडरेशन संयोजक गजेंद्र श्रीवास्तव ने की जिला कार्यकारिणी का गठन
- सभी संगठनों को साथ लेकर फेडरेशन की नई टीम तैयार

मुखर और सक्रिय कर्मचारी नेता के रूप में पहचाने जाने वाले श्रीवास्तव के चयन से जिले में कर्मचारी संगठन को नई मजबूती मिली है।

जिला संयोजक नियुक्त होते ही उन्होंने एक सप्ताह के भीतर व्यापक परामर्श कर फेडरेशन की जिला कार्यकारिणी का गठन किया, जिसमें विभिन्न कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों को शामिल कर एक सशक्त टीम तैयार की गई है। श्रीवास्तव ने कहा कि सभी संगठनों को साथ लेकर ही कर्मचारियों की समस्याओं का प्रभावी निराकरण संभव है।

नवगठित कार्यकारिणी में सहसंयोजक देवराज खूंटे, उपाध्यक्ष पद पर अजय श्रीवास्तव, कृष्णा बघेल, रज्जी वर्गीस, चंद्रप्रकाश देवांगन और देवदास कश्यप शामिल हैं। सचिव नारायण सिंह मौर्य, कोषाध्यक्ष आनंद कश्यप, संयुक्त सचिव मोतीलाल वर्मा, गिरीश कश्यप, जागेश्वर प्रसाद सिन्हा, दामोदर सेठिया, डॉ. अखिलेश त्रिपाठी, संगठन सचिव मनोज कुमार, राकेश दुबे, पदमा नायडू, शैलेंद्र तिवारी, उमेश मेश्राम तथा सह सचिव प्रजीत कुमार, एम.एस. भारद्वाज, अंशु माली वर्मा, पंकज सेठिया, अविन मंडावी बनाए गए हैं। सदस्य के रूप में कमलू बघेल,राजकुमार झा,अनिल यादव, मुन्ना नायक, राम मरकाम,उदय किशोर पांडेय, राकेश तिवारी, राजकुमार सिंह,पल्लव झा,डॉ. तुलादास मानिकपुरी, रीना शुक्ला को दायित्व सौंपा गया है। नवगठित टीम ने भरोसा व्यक्त किया कि सभी सदस्य मिलकर फेडरेशन को और अधिक सशक्त बनाते हुए कर्मचारी हितों के संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाएँगे।

### एकजुट कर्मचारी संगठन मजबूत फेडरेशन

नई जिला कार्यकारिणी में सभी प्रमुख कर्मचारी संगठनों को प्रतिनिधित्व दिया गया है। फेडरेशन का लक्ष्य बस्तर जिले में एकजुट संगठनात्मक ढांचा तैयार कर कर्मचारियों की पुरानी एवं नई समस्याओं के प्रभावी समाधान, पारदर्शिता, संवाद और सहयोग की मजबूत व्यवस्था विकसित करना है।



# मॉडल यूथ ग्राम सभा का बच्चों ने किया मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बास्तानर

पंचायती राज मंत्रालय, शिक्षा मंत्रालय और जनजातीय मंत्रालय के सहयोग से नवोदय विद्यालयों और एकलव्य विद्यालय में ग्राम सभा का आयोजन किया रहा है । जिससे बच्चों के साथ साथ बड़ों को भी ग्राम सभा की शक्ति का पता चले। लोकतंत्र की इस पाठशाला कार्यक्रम को मंगलवार को एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कोड़ेनार ब्लाक बास्तानार में बच्चों द्वारा प्रस्तुत किया गया। जिसमें सरपंच से लेकर सचिव तक तथा विभिन्न समितियों के प्रमुख सहित सभी से ग्राम सभा के सदस्यो द्वारा सवाल पूछे गए। जिनका जवाब सरपंच बने शेखर व सचिव सुमित ने बहुत ही अच्छी तरह से दिया। बच्चों ने लाइब्रेरी, खेल मैदान, स्वास्थ्य, शिक्षा, नशा आदि से संबंधित प्रश्न पूछे और सरपंच आश्वासन देते नजर आए।स्वागत भाषण प्राचार्य जी शिवा रेड्डी ने प्रस्तुत किया । बच्चों को जानकारी सामाजिक विज्ञान विभाग से राहुल चौधरी ने दी। संदीप यादव सहित सभी शिक्षकों ने सहयोग देकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# 0 से 5 वर्ष के बच्चों के आधार पंजीयन के लिए होगा विशेष शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिला प्रशासन द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए 0 से 5 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों का शत-प्रतिशत आधार पंजीयन सुनिश्चित करने हेतु ग्राम स्तर पर विशेष आधार शिविरों के आयोजन किया जाएगा।

कलेक्टर हरिस एस द्वारा इन शिविरों के सुचारू संचालन के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। सबसे पहले सचिव और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सर्वे के अनुसार वंचित 0-5 वर्ष के हितग्राहियों (बच्चों) की सूची तैयार कर जनपद पंचायत और जिला कार्यालय को उपलब्ध करानी होगी। सूची बनाने के बाद सबसे महत्वपूर्ण कार्य जन्म प्रमाण पत्र से जुड़ा है। जिन बच्चों का ऑनलाइन या ऑफलाइन जन्म प्रमाण पत्र नहीं बना है, सचिव यह सुनिश्चित करेंगे कि उनका ऑनलाइन जन्म प्रमाण पत्र बनाकर उपलब्ध कराया जाए। इस प्रक्रिया में यह सुनिश्चित करना अनिवार्य है कि बच्चे के जन्म प्रमाण पत्र में माता-पिता का नाम उनके आधार कार्ड में दर्ज नाम के समान हो। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को जारी किए गए जन्म प्रमाण पत्र की प्रति हितग्राहियों के अभिभावकों को उपलब्ध करानी होगी।

शिविर के सफल क्रियान्वयन हेतु आयोजन से दो दिन पूर्व संबंधित ग्राम में कोटवार के माध्यम से शिविर स्थल एवं दिनांक के संबंध में मुनादी कराई जाएगी। शिविर स्थल पर बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और मितानिन, हितग्राही और उनके अभिभावकों को बच्चे के जन्म प्रमाण पत्र और अभिभावक के आधार कार्ड के साथ उपस्थित होने के लिए निर्देशित करेंगे। सर्वे सूची के अनुसार जिस ग्राम में 0-5 वर्ष के बच्चों की संख्या सर्वाधिक होगी, सर्वप्रथम आधार शिविर वहीं आयोजित किया जाएगा और शत-प्रतिशत पूर्ण होने तक इसका संचालन उसी ग्राम में जारी रहेगा। शिविरों के संचालन हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत द्वारा रोस्टर के अनुसार ग्रामीण डाक सेवक की ड्यूटी लगाई जाएगी। शिविरों की प्रगति का अवलोकन संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा किया जाएगा। आधार पंजीयन की पूरी प्रक्रिया की जानकारी सेक्टर सुपरवाइजर एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा निर्धारित प्रपत्र 'अ' (आधार पंजीयन की जानकारी) और प्रपत्र 'ब'(वापस किए गए हितग्राहियों की जानकारी) में भरी जाएगी। इन प्रपत्रों की एक कॉपी संबंधित एकीकृत बाल विकास परियोजना के परियोजना अधिकारी एवं जनपद पंचायत को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। प्रपत्र 'ब' में विशेष रूप से उन कारणों को दर्ज किया जाएगा जिनके चलते पंजीयन नहीं हो सका, जैसे- जन्म प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं होना, जन्म प्रमाण पत्र में माता-पिता का नाम आधार कार्ड के अनुसार दर्ज न होना, या जन्म प्रमाण पत्र का ऑफलाइन जारी होना शामिल है।

# पं.प्रदीप मिश्रा की शिव महापुराण कथा आज से, तैयारी हुई पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



सिहोर वाले बाबा पं. प्रदीप मिश्रा की श्री शिव महापुराण कथा के भव्य

- सात दिनों तक बहेगी भक्ति की बयार

आयोजन के लिए भानुप्रतापपुर पूरी तरह तैयार है। 26 नवंबर से 2 दिसंबर तक आयोजित होने वाली इस सात दिवसीय कथा में क्षेत्र ही नहीं, छत्तीसगढ़ व पड़ोसी राज्यों से भी लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। कथा आयोजन समिति व जिला प्रशासन की संयुक्त बैठक में हर स्तर पर तैयारियों की समीक्षा की गई है। कथा स्थल के आसपास सुरक्षा, पार्किंग, स्वास्थ्य सेवा, यातायात नियंत्रण व भीड़ प्रबंधन को लेकर विशेष दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। कथा स्थल के अंदर और बाहर सुरक्षा दृष्टि से पुलिस बल की भारी तैनाती की जा रही है। क्षेत्र को सेक्टरों में बाँटकर सुरक्षा जिम्मेदारियाँ तय की गई हैं। पुलिस, सीएएफ व स्थानीय फोर्स सहित बड़ी संख्या में जवान तैनात, सीसीटीवी कैमरों के जरिए हर गतिविधि पर निगरानी, ड्रोन से भीड़ नियंत्रण व ट्रैफिक सर्विलांस, एंट्री पॉइंट्स पर मेटल डिटेक्टर व बैग चेकिंग, चिकित्सा टीम व एम्बुलेंस की उपलब्धता है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी संदेहास्पद गतिविधि पर विशेष नजर रखी जाएगी। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए भानुप्रतापपुर दल्ली राजहरा मार्ग पर यातायात व्यवस्था में अस्थायी बदलाव किया गया है।

### अज्ञात का डूबने से हो गई मौत, जांच जारी

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत कुष्टीकुर में अज्ञात व्यक्ति का शव पानी में डूबा हुआ मिला। कुष्टीकुर निवासी 36 वर्षीय महेश पोटाई ने पुलिस को बताया कि 24 नवंबर को अज्ञात का शव दिखाई दिया, जिसका उम्र 40-45 वर्ष है। अज्ञात व्यक्ति का डूबने से मौत हुआ है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष शर्मा आज जिले के प्रवास पर

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष राज्य मंत्री दर्जा संदीप शर्मा 26 नवम्बर को कांकेर जिले के प्रवास पर रहेंगे। वे प्रातः 9.30 बजे विश्राम गृह कांकेर पहुंचेंगे। सुबह 10 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक आंगनबाड़ी, उचित मूल्य दुकान, मध्यान्ह भोजन एवं छात्रावास का निरीक्षण करेंगे।

# सरपंच भरत ने किया मितानिनों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

ग्राम पंचायत गढ़िया में मितानिन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मितानिनों के कार्य, सेवा एवं समर्पण को याद किया गया। सरपंच भरत कश्यप ने मितानिनों का सम्मान किया। कश्यप ने कहा कि अपनी सेवा के माध्यम से मितानिनों ने समाज के निर्माण में अपनी और उल्लेखनीय भूमिका निभाई हैं। उन्होंने कहा कि व्यवस्था तंत्र के साथ स्वास्थ्य को लेकर मितानिन जो कर रहे हैं वह सराहनीय है। नवरात्रि का पर्व हो या किसी और त्योहार का मितानिन बिना छुट्टी के काम पर डटे रहते हैं। इस दौरान पीलूराम बघेल, रामसिंह कश्यप, तुलसी मण्डावी, लखन कश्यप, सुदरू सेठिया, सावेंद्र सेठिया, अजय बघेल, चेतन ग्वाल, मितानिन एमटी प्रमिला जयसवाल, मुन्नी सेठिया सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

